an>

Title: Need to ensure timely payment of honorarium to Accredited Social Health Activists under National Rural Health Mission in Uttar Pradesh and also enhance the amount of honorarium paid to them.

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** भारत के ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रत्येक महिला को मातृत्व लाभ की योजना आशा बहुओं के माध्यम से केन्द्र सरकार ने पूरे देश में लागू कर रखी है। परिणामस्वरूप मातृत्व एवं शिशु के मृत्युदरों में कमी आई है। पूरे देश में लगभग आठ लाख आशा बहुएं जच्चा एवं बच्चा की सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को आशा बहुओं द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा जिला अस्पताल ले जाकर के प्रसव से पूर्व कम से कम तीन बार उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराने का कार्य करती है। उसके उपरांत सुरक्षित डिलीवरी कराने के लिए अस्पताल ले जाती है। आशा बहुओं द्वारा जननी शिशु स्वास्थ्य सुविधाओं को जिम्मेदारी से निभाने के बावजूद मात्र 600/- रूपये प्रति केस अनुमन्य है। उत्तर प्रदेश में अप्रैल, 2013 से आशा बहुओं को प्रोत्साहन राशि मिलने में कठिनाइ हो रही है। जिसके कारण उनके समक्ष काफी गंभीर संकट पैदा हो गया है। जबकि आशा बहुओं के द्वारा लगातार प्रोत्साहन राशि की जगह पर 3000/- रूपये प्रतिमाह मानदेय की मांग को लेकर संघर्ष किया जा रहा है। अतः इस गंभीर समस्या को देखते हुए भारत सरकार से तुरंत कार्यवाही की मांग करता हूं।